Total Page - 5

UG/2nd Sem/HINDI/H/19

2019

B.A. (Honours)

2nd Semester CBCS Examination

HINDI

Paper - GE2T

Full Marks : 60

Time : 3 Hours

The figures in the margin indicate full marks. Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

आधुनिक भारतीय कविता

1. निम्नलिखित मे से किन्हीं *दस* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2

(क) पाठ्यक्रम के अतिरिक्त किन्हीं दो भारतीय भाषाओं के नाम लिखिए।

(ख) नीलमणि फूकन एवं रहमान शही किस-किस राज्य से है सम्बन्धित हैं?

(ग) गालिब का पूरा नाम क्या है? इनका सम्बन्ध मूलत: किस भाषा से है?

[Turn Over]

(घ) फिराक गोरखपुरी का मूल नाम क्या है? इनका जन्मस्थान बताइए।

(ङ) सुब्रमण्यम भारती की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(च) रवींद्रनाथ ठाकुर को कब और किस कृति पर नोबल पुरस्कार दिया गया?

(छ) काजी नजरूल इस्लाम का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(ज) रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने किस संस्थान की स्थापना की और उसका स्थापना-वर्ष बताइए।

(झ) वैरमुत्तु एवं श्रीधर भास्कर वर्णेकर का रचनात्मक सम्बन्ध किस भाषा से है?

(ञ) राधावल्लभ त्रिपाठी की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(ट) 'बिंदु सिंधु की ओर' एवं 'सूर्य जा सूर्य' नामक कविताओं के रचनाकार कौन हैं?

(ठ) कविगुरू किसकी उपाधि है? उन्हें यह उपाधि किसने दी?

(ड) पठित कवियों के अतिरिक्त बांग्ला के किन्हीं दो अन्य कवियों के नाम लिखिए।

(ढ) ''चिता के फूल' एवं ''श्रीशिव पराज्योदम् कविता के रचनाकार कौन हैं?

(ण) असमिया और गुजराती किस किस राज्य की भाषा है?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं *चार* प्रश्नों के यथानिर्देश उत्तर दीजिए : 4×5

(क) बाढ़ की रेत हैं हम, बने ऊपजाऊ भूमि अब,
पौत्रों-दौहित्रों के नए खेतों पर
हल चलने की आवाज हमें जगाए।
हँसाए उन्हें हमारे जीवाश्मों में लिखे
आख्यान उन लोगों के।
बीते जन्मों की बातें जिन्हें याद थी।

—यह अवतरण किस पाठ से ली गई है? इसका भाव-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) रास्ते से आने जाने वाले जल्दी में हैं, तो उन्हें
खून की सोत वह नहीं दिखती
कुछ आवारा कुत्ते, पूँछ उठाए
चाट रहे हैं बहते खून को।

—इस अबतरण का शिल्प-सौन्दर्य लिखिए।

(ग) वज्र से कठोर क्रूर दारूण हिंस्र नरपशु
प्रतिदिन अवलाओं पर करते रहे बलात्कार

कच्चा मांस खाने को आतुर जो माताओं की देह
तक को नोचते रहे
धरती जिनसे बनती जा रही पशुओं से संकुल
इस बचाना और लाज अपनी माता के दूध की
रखना।

इस अवतरण का निहितार्थ स्पष्ट कीजिए।

(घ) पाठ्यक्रम में निर्धारित अंशों के आधार पर फिराक के काव्य-सौन्दर्य पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ङ) बस के दुश्वार है हर काम का आसां होना
आदमी को भी मयस्सर नही इंसां होना
गिरिया चाहे है खराबी मेरे काशाने की
दर-ओ-दीवार से टपके है वियाबाँ होना।

—इस पद्यांश की भावगत विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(च) 'अँधकार में ही खुलता है रहस्य' पंक्ति का मुख्य प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

2×10

(क) पठित कविताओं के आधार रवीन्द्रनाथ ठाकुर के काव्य-सौन्दर्य पर विचार कीजिए।

(ख) 'स्वतंत्रता' कविता की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।

(ग) नवकांत बरुआ की काव्यगत-विशेषताओं पर विचार कीजिए।

(घ) 'विश्वशांति' कविता की मूल-संवेदना पर विचार कीजिए।